**दुर्घटना** | तीन महिला मजदूर घायल, करहीवाह गांव के पास हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

# मजदूरों से भरा ट्रैक्टर पलटा, बालिका की मौत



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** अनूपपुर नगर के समीप करहीवाह गांव में मंगलवार दोपहर खेत में धान का रोपा लगाने के बाद लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 वर्षीय बालिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महिला मजदूर घायल हो गईं। घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी एवं कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिलाएं खेत में धान का रोपा लगाने गई थीं

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 6 सामतपुर निवासी चौधरी समुदाय की कुछ महिलाएं मंगलवार सुबह मोहल्ले के ही एक किसान के ग्राम पंचायत परसवार अंतर्गत करहीवाह स्थित खेत में धान का रोपा लगाने गई थीं। कार्य पूरा होने के बाद सभी मजदूर किसान के ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस अनूपपुर लौट रहे थे।

### ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया था

इसी दौरान करहीवाह से सब्जी मंडी की ओर आने वाले कच्चे मार्ग पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और ट्रॉली सहित खेत में पलट गया। हादसे में ट्रॉली के नीचे दबने से 15 वर्षीय नजर चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं ट्रैक्टर में सवार प्राची चौधरी, शांति चौधरी एवं सीमा चौधरी घायल हो गईं।

> **घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया**
> घटना के बाद परिजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद नजर चौधरी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस एवं कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# खस्ताहाल सड़क पर बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहन

▸ पायरी नंबर 2 पर लगातार हो रहे हादसे, जान जोखिम में डालकर सफर करने लोग मजबूर



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** भालूमाड़ा-आमाडांड मुख्य मार्ग पर स्थित पायरी नंबर 2 इन दिनों सड़क हादसों का बड़ा केंद्र बन गया है। जर्जर सड़क, ओवरलोड कोयला वाहनों की तेज रफ्तार और धूल के गुबार के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

लगातार हादसों में लोगों की जान जाने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार आमाडांड क्षेत्र की कोयला खदानों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेलर और डंपर कोयला लेकर गोविंदा साइडिंग की ओर जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकांश वाहन क्षमता से अधिक कोयला लादकर तेज गति से इस मार्ग पर दौड़ते हैं।

**जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए**

भारी वाहनों के लगातार आवागमन से पायरी नंबर 2 के पास सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर उड़ने वाली धूल और गड्ढों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं**

तेज रफ्तार कोयला वाहनों के कारण इस मार्ग पर कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर स्थायी रूप से दिव्यांग हो गए हैं। आरोप है कि सड़क की बदहाल स्थिति और ओवरलोड वाहनों की शिकायतें कई बार प्रशासन के समक्ष रखी गईं, लेकिन अब तक समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

# दतिया में कांग्रेस की जीत पर भालूमाड़ा में मनाया जश्न

▸ कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर बांटी मिठाई



**जमुना कोतमा भालूमाड़ा 4 अगस्त।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत पर सोमवार सायंकाल भालूमाड़ा के एटीएम चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जीत को जनविश्वास, संघर्ष तथा कांग्रेस की जनसेवा की राजनीति की विजय बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया की यह जीत जनता के विश्वास, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष संजय सिंह, जिला कांग्रेस महामंत्री चंदन सिंह, मंजू मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, मोहन पाव, रमेश कुशवाहा, अशरफ भाई, कुंवर सिंह, नफीस भाई, फारूक बेग, बाबा भाई, मैंजेबूल, गुड्डू मिश्रा, हरजीत सिंह, अमित सिंह, रेसी, सूर्य प्रताप, अकरम सिद्दीकी, मोहम्मद मुर्शीद, आरिफ अंसारी, विजेंद्र सिंह, अनिल केवट, मोहसिम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में आयोजित सात दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चले प्रशिक्षण में 100 स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, बीएलएस, रेस्क्यू और आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिला सेनानी होमगार्ड सीएस उर्वेदी ने स्वयंसेवकों से भविष्य में आपदा प्रबंधन एवं जनसेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# नव-निर्वाचित छात्र परिषद को सौंपी गईं जिम्मेदारियां

▸ ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में पद-ग्रहण समारोह आयोजित, दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ




**कोतमा नवभारत 4 अगस्त।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, कोतमा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद के औपचारिक पद-ग्रहण समारोह 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी' का आयोजन 1 अगस्त को बांकिम बिहार स्थित परिसर में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जो अज्ञानता पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल, जमुना कोलियरी क्षेत्र के महाप्रबंधक (खनन) राजेश खन्ना एवं भाजपा पसान के मंडल अध्यक्ष मिंटू सिंह धीरेन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन शब्बीर राय बोहरा ने की।

**छात्र नेताओं ने ली सत्यनिष्ठा और अनुशासन की शपथ**

समारोह का मुख्य आकर्षण नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ-ग्रहण रहा। स्कूल कैप्टन, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और विभिन्न विभागों के छात्र नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा विद्यालय के अनुशासन व गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

शपथ-ग्रहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य और सुरीली संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**छात्र में एकलव्य जैसी निष्ठा जरूरी : खन्ना**

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश खन्ना ने एक आदर्श नेता के गुणों पर प्रकाश डाला और सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित करने के लिए ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल की सराहना की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा, 'एक शिक्षक में गुरु द्रोणाचार्य जैसी बुद्धिमत्ता और समर्पण होना चाहिए।

## एक नजर में



### रिक्त सीटों पर पात्र छात्राओं को शीघ्र प्रवेश दिलाए

**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से उच्च शिक्षा एवं भविष्य की संभावनाओं को लेकर मार्गदर्शन भी दिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने छात्रावास में भोजन एवं पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### आबकारी विभाग ने 62.54 लीटर मदिरा की जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध मदिरा के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अमरकंटक थाना क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में दबिश देकर 62.54 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा में 53.90 बल्क लीटर बीयर और 8.64 बल्क लीटर विदेशी स्प्रिट शामिल है। कार्रवाई के दौरान आरोपी रविन्द्र कुमार गुप्ता के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है। मामले में एक अन्य सह-आरोपी की तलाश जारी है।

### पुलिस ने जुआं खेलते छह जुआरियों को किया गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** रामनगर थाना पुलिस ने आमाडांड क्षेत्र में संचालित जुए के फड़ पर दबिश देकर 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से मात्र 2 हजार 200 रूपये नकदी एवं दो बाइक जब्ति की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही की गई है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में अजय कुमार चौधरी उम्र 24 वर्ष, राजाराम चौधरी, श्रवण कुमार गुर्सा, राजकुमार चौधरी एवं सुरेन्द्र चौधरी शामिल हैं। इनके पास से ताश की गड्डी सहित दो बाइक जब्त करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# 51 परिवारों ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

▸ सावन के प्रथम सोमवार पर जमुना कॉलोनी में भंडारे का हुआ आयोजन



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिले के जमुना कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में करौली शंकर महादेव दरबार शंकर सेना जिला अनूपपुर के तत्वावधान में 51 परिवारों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक एवं शिव आराधना का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजन किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने रोग मुक्त, शोक मुक्त भारत के संकल्प के साथ राष्ट्र, समाज और समस्त मानवता के सुख, शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।

**इनकी रही उपस्थिति**

आयोजन का नेतृत्व शंकर सेना के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। आयोजकों के अनुसार जमुना-कोतमा क्षेत्र में पहली बार 51 परिवारों के सामूहिक रुद्राभिषेक का इतना बड़ा आयोजन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं का भरपूर सहयोग और उत्साह मिला। कार्यक्रम में नपाध्यहक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील चौरसिया, शंकर सेना की संभागीय अध्यक्ष हनी चौरसिया, राजेश सिंह, पूर्व नपाध्यकक्ष सुमन राजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## हरित भविष्य के संकल्प के साथ किया पौधरोपण

**राजनगर,नवभारत 4 अगस्त।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की यशस्वी अध्यक्षा शशि दुहन एवं अनिथा फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार, शुभश्री महापात्र उपाध्यक्षा श्रद्धा महिला मण्डल, एसईसीएल बिलासपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र की अध्यक्षा डॉ. सरोज बाला बिश्नोई, पदाधिकारी एवं समिति की समस्त सदस्याएं मधुबन क्लब, राजनगर में पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 6.355 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

▸ रेलवे स्टेशन छुलहा के पास दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को दबोचा



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उड़ीसा निवासी गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6 किलो 355 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत 60 हजार 300 रुपये सहित मोबाइल फोन जब्त किया गया है।


पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत 3 अगस्त को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छुलहा रेलवे स्टेशन की ओर से ट्रॉली बैग में गांजा लेकर अनूपपुर बस्ती की ओर आने पर उसे पकड़ते हुये तलाशी लेते हुये पूछताछ की गई।

**पुलिस जांच में जुटी**

सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय अशोक एक्का के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छुलहा रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मदन महानंदिया बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी गांजा कहां से लाया था और इसकी आपूर्ति किसे करने वाला था।

# जीवित किसान को मृत बताने से मचा हड़कंप

▸ कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश जनसुनवाई में पहुंचे 48 आवेदन



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 48 आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने सभी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में आधार रिकॉर्ड में जीवित किसान को मृत दर्ज किए जाने, पैक्स दुलहरा में धान खरीदी एवं वितरण में कथित वित्तीय अनियमितताओं सहित विभिन्न राजस्व और जनकल्याण योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुख रहे। जैतहरी तहसील के ग्राम गोरसी निवासी किसान दादूराम राठौर ने शिकायत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि निकालने बैंक पहुंचने पर आधार सत्यापन में उन्हें मृत बताया गया।

**आधार रिकॉर्ड में स्थिति मृत दर्ज मिली**

इसके बाद जैतहरी पोस्ट ऑफिस स्थित आधार सेवा केंद्र में जांच कराने पर भी आधार रिकॉर्ड में उनकी स्थिति मृत दर्ज मिली। इस त्रुटि के कारण उन्हें पीएम किसान योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसान ने आधार रिकॉर्ड में तत्काल सुधार कराने की मांग की।

**धान खरीदी में अनियमितता का आरोप**

ग्राम दुलहरा के किसानों ने पैक्स दुलहरा के प्रभारी प्रबंधक मनोज कुमार विश्वकर्मा एवं सहकारिता विभाग के प्रशासक अनुज ओहदार पर धान खरीदी और वितरण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए। किसानों का कहना है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान परिदान में सुखती का हवाला देकर 10 से 15 लाख रुपये की कमी दर्शाई गई।

## आबकारी विभाग ने 62.54 लीटर मदिरा की जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध मदिरा के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अमरकंटक थाना क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में दबिश देकर 62.54 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा में 53.90 बल्क लीटर बीयर और 8.64 बल्क लीटर विदेशी स्प्रिट शामिल है। कार्रवाई के दौरान आरोपी रविन्द्र कुमार गुप्ता के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है। मामले में एक अन्य सह-आरोपी की तलाश जारी है।

# जिंदगी की जंग हार गई शिक्षिका पूजा सिंह



▸ आमाखेरवा मुक्तिधाम में नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**राजनगर, नवभारत 4 अगस्त।** जिले के राजनगर के पूर्व जनपद सदस्य रविंद्र कुमार सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय पूजा सिंह का मंगलवार को आमाखेरवा मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान एवं शोकपूर्ण वातावरण में अंतिम संस्कार किया गया।

उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार, जनप्रतिनिधि, शिक्षक समुदाय एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्व. पूजा सिंह जो कि ग्राम सिरौली विद्यालय में शासकीय शिक्षिका रही है। बताया गया कि करीब दो माह पूर्व हुए भीषण सड़क हादसे में पूजा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर स्थित एम्स में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में लगातार उपचार चलता रहा और 3 अगस्त को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

**पूरे क्षेत्र में शोक की लहर**

पूजा सिंह के निधन की खबर से शिक्षा जगत सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को शिक्षा और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**ठगी** | ऑनलाइन गेम में पैसे दोगुने करने का दिया था झांसा, आरोपी पर मामला दर्ज

# सट्टेबाजी का मायाजाल : कॉलेज छात्र से 4.50 लाख की ठगी

**कोतमा नवभारत 4 अगस्त।** क्षेत्र में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाज़ी का मायाजाल युवाओं को अपनी जद में लेता जा रहा है। कोतमा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 निवासी एक 21 वर्षीय कॉलेज छात्र से 'गेम में निवेश कर पैसे दोगुने करने' का झांसा देकर 4,60,082 रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

**टेलीग्राम और मोबाइल के जरिए बनाया शिकार**

जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र स्वप्निल सोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व इंटरनेट सर्चिंग के दौरान उसकी मुलाकात 'बीडीजी विन' नामक ऑनलाइन गेम का प्रचार करने वाले अमित यादव से हुई थी। आरोपी ने टेलीग्राम और मोबाइल फोन के माध्यम से स्वप्निल से संपर्क साधा और दावा किया कि इस ऑनलाइन गेम में पैसे लगाने से कुछ ही समय में रकम दोगुनी हो जाती है।




**मार्च से जुलाई के बीच ऐंठे साढ़े चार लाख से अधिक**

आरोपी के झांसे में आकर छात्र ने मार्च से जुलाई के मध्य विभिन्न किश्तों में कुल ?4,60,082 गेम में निवेश कर दिए। शुरुआती दौर में छात्र को विश्वास में लेने के लिए आरोपी ने कुछ छोटी रकम वापस (रिफंड) भी की, जिससे छात्र का भरोसा बढ़ता गया। हालांकि, बाद में लगभग 4.50 लाख रुपये डूब गए।

**पैसे मांगने पर दी धमकियां**

जब स्वप्निल को अपनी रकम डूबने का अहसास हुआ और उसने आरोपी अमित यादव से अपने पैसे वापस मांगे, तो उसने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। उल्टे आरोपी द्वारा फोन पर छात्र को धमकाया और परेशान किया जाने लगा। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने अपने पिता के साथ कोतमा थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और लिखित शिकायत दर्ज कराई।

**कोयलांचल में सक्रिय हैं साइबर ठगों का गिरोह**

उल्लेखनीय है कि कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले संगठित गिरोह बेहद सक्रिय हैं। ये गिरोह युवाओं और व्यापारियों को कम समय में अधिक कमाई का लालच देकर अपनी गिरफ्त में लेते हैं और उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई लूट लेते हैं।

> **पुलिस बैंक खातों के विवरण खंगाल रही**
> कोतमा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित यादव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है। पुलिस आरोपी की लोकेशन और बैंक खातों के विवरण खंगाल रही है।

## जिला स्तरीय यूडीआईडी कार्ड शिविर कल



**अनूपपुर, नवभारत 4 अगस्त।** जिले के दिव्यांगजनों के लिए 6 अगस्त को जिला चिकित्सालय स्थित स्व-सहायता भवन में जिला स्तरीय विशेष यूडीआईडी कार्ड परीक्षण, मूल्यांकन एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जहां ऐसे दिव्यांगजनों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा जिनका यूडीआईडी कार्ड अभी तक जारी नहीं हो पाया है या जिनका आवेदन लंबित है। कलेक्टर रत्नाकर झा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराकर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।